## दिनांक 03.01.2019 को मा0 कुलपति महोदय की अध्यक्षता में, समिति कक्ष में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्रत्यायन के सम्बन्ध में तैयारियों की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

बैठक मे निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुये।

1. प्रो0 एन0बी0 सिंह, मा0 कुलपति, हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर।
2. प्रो0 करूणाकर सिंह, प्रति कुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
3. प्रो0 आनन्द कुमार, अधिष्ठाता, शैक्षिक कियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
4. प्रो0 रघुराज सिंह, अधिष्ठाता, योजना एवं स्रोत जनन एवं विभागाध्यक्ष, सी0एस0ई0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
5. प्रो0 कृष्णराज, अधिष्ठाता, इन्क्यूवेशन हब एवं विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
6. प्रो0 राजीव गुप्ता, अधिष्ठाता, स्कूल आफ इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
7. प्रो0 दीपक श्रीवास्तव, अधिष्ठाता, स्कूल आफ केमिकल टेक्नालॉजी एवं विभागाध्यक्ष, प्लास्टिक टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
8. प्रो0 रेखा बाली, अधिष्ठाता, स्कूल आफ बेसिक एण्ड एप्लायड सांइसेज एवं विभागाध्यक्ष, गणित एवं रसायन विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
9. प्रो0 सुनील कुमार, अध्यक्ष, रखरखाव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
10. प्रो0 अलक कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष, फूड टेक0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
11. डा0 एस0के0 गुप्ता, विभागाध्यक्ष, केमिकल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
12. श्री एस0जे0 नागर, विभागाध्यक्ष, बायो–केमिकल इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
13. श्री सुमन्त चटर्जी, विभागाध्यक्ष, लेदर टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
14. प्रो0 पी0के0 कमानी, विभागाध्यक्ष, पेन्ट टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
15. डा0 एस0के0 शर्मा, विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
16. डा0 बन्दना निगम, विभागाध्यक्ष, मानविकी विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
17. प्रो0 आर0के0 त्रिवेदी, विभागाध्यक्ष, ऑयल टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
18. प्रो0 प्रदीप कुमार, विभागाध्यक्ष, सिविल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
19. श्री जे0के0 द्विवेदी, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रीकल इंजी0 विभाग, एच0दी0टी0यू0, कानपुर।
20. श्रीमती रीता सचान, वित्त एवं लेखाधिकारी, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
21. श्री एम0डी0 सिंह, सिस्टम मैनेजर, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।

बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुये मा0 कुलपति महोदय द्वारा सिस्टम मैनेजर श्री एम0डी0 सिंह को निर्देश प्रदान किये गये कि विश्वविद्यालय बेव–साइट पर बी0टेक0 तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष हेतु पुरानी पाठ्यचर्या एवं प्रथम एवं द्वितीय वर्ष हेतु एच0बी0टी0यू0 की नवीन पाठ्यचर्या को तत्काल अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें। संस्थान वेब–साइट पर यू0जी0सी0 एवं ए0आई0सी0टी0ई0 की गाइड लाइन्स को भी अपलोड किया जाये। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय की विभिन्न परिषदों की सम्पन्न बैठकों के कार्यवृत्त के साथ साथ विश्वविद्यालय आर्डीनेन्स को भी वेब–साइट पर अपलोड किया जाय।

उपरोक्त के अतिरिक्त बैठक में मा0 कुलपति महोदय द्वारा समस्त उपस्थित विभागाध्यक्षों से अपेक्षा की गयी कि वे विभाग में कोर्स फाइल तैयार कर लें एवं अपने–अपने विभाग से संबंधित अद्यावधिक सूचना को वेब–साइट पर अपलोड किये जाने हेतु सूचना 04 दिवसों में सिस्टम मैनेजर को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में यह भी निर्णित हुआ कि प्रथम चरण में जिन विभागों का प्रत्यायन होना है, उनकी प्रत्यायन संबंधी समस्त कार्यवाही का अनुश्रवण प्रति कुलपति महोदय द्वारा किया जायगा। समस्त संबंधितों द्वारा विश्वविद्यालय स्तर पर प्रत्यायन कार्यवाही संबंधी अभिलेख प्रति कुलपति महोदय को उपलब्ध करायें जायगें एवं प्रतिकुलपति महोदय द्वारा अभिलेखों

को कुलपति कार्यालय में प्रत्यायन टीम के अवलोकनार्थ संरक्षित किया जायेगा। श्री एम0डी0 सिंह दिन–प्रतिदिन के प्रत्यायन संबंधी निस्तारित कार्यो की सूचना प्रतिकुलपति को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय में नव–निर्मित लिफ्ट को प्रयोग में लाना प्रारम्भ किया जाये एवं जिन स्थलों पर रैम्प की आवश्यकता हो उन स्थलों पर रैम्प निर्माण की कार्यवाही तत्काल प्रारम्भ की जाये।

उत्तर प्रदेश हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय अधिनियम 2016 की प्रस्तावना में उल्लिखित बिन्दुओं के आलोक में तथा पूर्व में एच0बी0टी0आई0, कानपुर हेतु तैयार मिशन/विजन को आवश्यकतानुसार समाहित करते हुये विश्वविद्यालय का नया मिशन/विजन तैयार करवाने तथा उनके विभिन्न स्थानों पर डिस्पले बोर्ड बनवाकर फिक्स कराने हेतु निम्नवत् समिति का गठन किया गयाः

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 अलक कुमार सिंह | संयोजक |
| 2. | प्रो0 अरूण मैथानी | सदस्य |
| 3. | डा0 विनोद कुमार यादव | सदस्य |

समिति उक्त कार्य को एक माह में अनिवार्य रूप से पूर्ण करना सुनिश्चित करेगी।

विभिन्न विभागों में सिविल/इलेक्ट्रीकल/मैकेनिकल मरम्मत के आंशिक कार्यो का चिन्हांकन करने, प्रस्ताव तैयार कर उन्हें कराये जाने का कार्य निम्नोक्त समिति द्वारा एक माह में सम्पन्न किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 सुनील कुमार | संयोजक |
| 2. | वित्त एवं लेखाधिकारी | सदस्य |
| 3. | सहायक अभियन्ता | सदस्य |

इसके साथ ही विश्वविद्यालय के समस्त विभागों में नवीन विजन/मिशन के अनुरूप विभाग का विजन/मिशन तैयार कर अंकित करवाने, लैब स्टीकर, लिस्ट आफ फैकल्टी एवं स्टाफ का बोर्ड अंकित करवाने एवं उपकरणों एवं विभागीय कक्षों पर नम्बरिंग करवानें के कार्य हेतु सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया गया।

बैठक में हुये उपरोक्त निर्णयों के आदेश कुलसचिव स्तर से निर्गत किये जाने के निर्देश मा0 कुलपति महोदय द्वारा प्रदान किये गये।

बैठक मा0 कुलपति महोदय के प्रति आभार एवं धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हुयी।

**(मनोज कुमार शुक्ला)**
कुलसचिव

**कार्यालय कुलसचिव**
**हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय**
**कानपुर–2**

संख्याः 258/कुस0कार्या0/2019 दिनांकः जनवरी 05, 2019

प्रतिलिपि निम्नलिखित के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. समस्त प्रतिभागी/अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/अनुभाग प्रभारी, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
2. कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
3. विशेष कार्याधिकारी, कुलपति महोदय, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।

**(मनोज कुमार शुक्ला )**
कुलसचिव